शिक्षा का उत्थान



शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

की प्रस्तुति

# टाइमलाइन एक्सप्रेस




## माह मार्च 2021

## संकलन

## काव्य मंजरी टीम

## मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 01-3-2021

60

दिन- सोमवार

### शून्य भेदभाव दिवस

भेदभाव मिटाने को चली यह लड़ाई है,
मिलकर प्रेम-भाव से रहना है इसमें ही भलाई है।
सदियों से चली आई जो ये बुरी बीमारी है,
जड़ से खत्म इसे करना जिम्मेदारी ये हमारी है।।




इसलिए 1मार्च को हम शून्य भेदभाव दिवस मनाते,
लड़का-लड़की, गोरा-काला के भेद को जड़ से मिटाते।
तितली के प्रतीक से उड़ना तुम जानो,
भेदभाव कभी ना हम करेंगे मन में तुम ठानो।।




जाति- धर्म, ऊँच-नीच की हो गई बात पुरानी,
कब तक इसमें उलझे रहोगे छोड़ो ये नादानी।
भाईचारे से रहना सीखो इसमें ना करो परेशानी,
प्रण हमारा पूरा हो मिलकर लिखें एक नयी कहानी।।

रचना- अंशिका शर्मा (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय नौजरपुर
निधौली कलाँ, एटा



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 02/03/2021 **61** दिन- मंगलवार

# जयन्त तालुकदार

2 मार्च 1986 को उदय हुआ एक सितारा,
जयन्त तालुकदार नाम था उसका प्यारा।
राजन तालुकदार नाम था पिता का,
तीरन्दाजी में लगाया जीवन सारा।।



2006 में किया एक कीर्तिमान कायम,
फहराया नम्बर एक होने का परचम।
2007 में अर्जुन पुरस्कार था पाया,
टाटा तीरन्दाजी अकादमी में दिखाया दम।।

2004 में प्रतिभा को दिखलाया,
2005 में आर्चरी वर्ल्ड कप दिलाया।
युवा खिलाड़ी के रूप में पहचान बना,
सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की उपाधि को पाया।।

ब्रिटेन में भारतीय टीम को बेहतर बनाया,
विश्व स्तर पर रजत पदक दिलवाया।
कोच भी रहे व्यक्तित्व से प्रभावित ,
तीरन्दाजी में एक अलग मुकाम बनाया।।



कृ नम्रता श्रीवास्तव (प्र०अ०)

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

## टाइम लाइन एक्सप्रेस

शिक्षक का सम्मान



दिनाँक- 03/03/2021

62

दिन- बुधवार

# विश्व वन्य जीव दिवस


प्रकृति ने रच-रच कर सुन्दर,
जीवमण्डल बनाया।
अनूठे ढंग से एक-एक,
जीव-वनस्पति सजाया।।

सृष्टि में हर जीव अपनी,
अलग विशेषता रखता।
भीषण सर्दी-गर्मी में भी,
अपना पूरा जीवन जीता।।

प्रकृति ने वनस्पतियों को भी,
अचरजों से है महकाया।
किसी को लाल, हरा, पीला, नीला,
तो किसी को नवरंगों से सजाया।।

निजी स्वार्थ के चक्कर में,
पशु-पक्षियों को है भुलाया।
और वनों को काट-काट कर,
अपना भवन बनाया।।

U.N.G.A ने 2014 में,
वन्यजीव दिवस बनाया।
तब से 3 मार्च को प्रतिवर्ष,
जाता यह पर्व मनाया।।





रचना-
ओम प्रकाश श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० उदयापुर
भीतरगाँव, कानपुर नगर

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

63

दिनाँक-04/03/2021

दिन- गुरुवार

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस




लोगों को महामारी व बीमारी से बचाने को,
दुर्घटनाओं से बचने को जन जागरूकता लाने को।
04 मार्च को मनाया जाता है प्रतिवर्ष,
राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस प्रतिवर्ष।।

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस
नेशनल सिक्यूरिटी डे
4 मार्च

डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने किया स्थापित,
राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद संस्था स्वाशासित।
04 मार्च से 10 मार्च तक मनाते हैं सुरक्षा सप्ताह,
नागरिक सुरक्षा जरूरतों के लिए पूरा सप्ताह।।

सभी महिलाओं को सुरक्षा देना है उद्देश्य,
चाहे पोलियो, कोरोना वायरस से बचाना हो देश।
औद्योगिक दुर्घटनाओं में लाना है कमी,
देश की सुरक्षा में करना है बढ़ोत्तरी।।

रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
खजुहा, जनपद- फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# टाइम लाइन एक्सप्रेस

## 64

दिनाँक- 05-3-2021

दिन- शुक्रवार

## सोम ठाकुर



5 मार्च 1934 को जन्मे,
आगरा उत्तर प्रदेश में।
सोम ठाकुर बनके कवि,
छाये पूरे देश में।।

पिता दीपचन्द्र ठाकुर थे,
और श्यामा देवी माता।
कविता से था प्रेम सोम को,
लोक गीत था भाता।।

ब्रजभाषा के छन्द जब,
थिरक उठी जन-जन की नाड़ी।
मंत्रमुग्ध जनता हो बैठी,
सुनकर लोकगीत की वाणी।।

करने हिन्दी का प्रसार,
गये कनाडा आप।
मॉरीशस और अमेरिका,
में भी छोड़ी छाप।।



रचना-
आलोक श्रीवास्तव (स०अ०)
उच्च प्राथमिक वि०- सुखसौरा
मलासा, कानपुर- देहात

# मिग-23



भारत की वायु सेना की सदा बात निराली,
दुश्मन के छक्के छुड़ाए करें देश की रखवाली।
आन-बान-शान की छटा हमेशा दिखाई है,
मिग-23 विमान ने वायु सेना की शोभा बढ़ाई है।।

तीन दशक तक वायु सेना का,
गौरव इसने बढ़ाया है।
लड़ाकू विमानों की श्रेणी में,
मिग-23 ने नाम कमाया है।।

6 मार्च 2009 को अंतिम अपनी उड़ान भरी,
मिग-27 जैसे नए विमानों को दे दी झंडी हरी।
नभ में वायु सेना ने देश का मान बढ़ाया है,
विश्व पटल पर भी इसने अपना नाम कमाया है।।



रचना
अंशिका शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० नौजरपुर
निधौली कलाँ, एटा

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

66

दिनाँक- 07-03-2021

दिन- रविवार

## जन्मदिवस सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय



ललित निबन्धकार, शैलीकार, कवि अज्ञेय,
नाम सच्चिदानन्द हीरानन्द, वात्स्यायन अज्ञेय।
कथाकार और सम्पादक के रूप में ख्याति,
7 मार्च 1911 को उत्तर प्रदेश में प्रकटे अज्ञेय।।

बचपन बीता इनका लखनऊ में,
शिक्षा संस्कृत मौखिक परम्परा में।
राखालदास के सम्पर्क में सीखी बंगला,
टेनिसन के प्रभाव से लिखा अंग्रेजी में।।

सृजनात्मकता, लोक संस्कृति की झलक,
आवेग की जगह रहस्यात्मकता की ललक।
मौन-सन्नाटा, विराट से साधारण का मेल,
प्रयोगवाद के सूत्रधार छन्दयोजना के जनक।।

ज्ञानपीठ पुरस्कार से मन हर्षाया,
नए शिल्प का नवल रूप दिखाया।
04 अप्रैल 1987 जग से मुख मोड़ा,
कला और भाव-पक्ष दोनों का सार बताया।।



रचना
नम्रता श्रीवास्तव (प्र०अ०)
प्रा० वि० बड़ेहा स्योंढा
क्षेत्र- महुआ, जनपद- बाँदा

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 08-03-2021 | 67 | दिन- सोमवार

## जन्मदिवस

## साहिर लुधियानवी



गीतों के, शब्दों के जादूगर साहिर ने,
8 मार्च 1921 को लुधियाना मे जन्म लिया।
अब्दुल हयी था उनका असली नाम,
साहिर लुधियानवी के नाम से मशहूर हुआ।।

बचपन से ही किया करते थे शेरो शायरी,
और अच्छी याददाश्त के धनी थे।
इनका परिचय शायरी और साहित्य से,
कराने वाले उस्ताद फैयाज हरियानवी थे।।

ऐसा माना जाता है इनका ध्यान,
दूसरों की मदद पर ज़्यादा रहता।
नगमें भी आपने ऐसे लिखे कि,
हर उम्र का व्यक्ति झूम उठता।।

फिल्मी गीतकारों को रॉयल्टी दिलाने,
का श्रेय बस इनको ही जाता है।
साहिर जैसा दिल मे उतरने वाला,
सदियों मे कोई एक ही आता है।।

रचना

ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० कम्पोजिट
बागपत, जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-09/03/2021

68

दिन- मंगलवार

## डॉ० हरिकृष्ण देवसरे



हिन्दी में बाल साहित्य को,
आज मुकाम ना हासिल होता।
यदि हरिकृष्ण देवसरे जैसा,
साहित्यकार न मिला होता।।

09 मार्च 1938 को जन्मे,
मध्यप्रदेश के सतना के नागौर में,
बने मील का पत्थर,
हिन्दी बाल साहित्य के क्षेत्र में।।

कविता, कहानी, नाटक, आलोचना,
विधाओं में की 250 पुस्तकों की रचना।
प्रसिद्ध कृतियाँ हैं आल्हा-ऊदल, शोहराब,
महात्मा गाँधी, भगत सिंह व पराग।।

कथा साहित्य को मिला नया आधार,
साहित्य अकादमी से बाल साहित्य पुरस्कार।
उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा,
बाल साहित्य भारती, कीर्ति, वात्सल्य पुरस्कार।।

🙏 रचना

सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा० वि० टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

# टाइम लाइन एक्सप्रेस

शिक्षक का सम्मान



दिनाँक- 10.03.2021

69

दिन- बुधवार

## जन्मदिवस "वाजिद खान"



10 मार्च 1981 को, जन्मे मध्य प्रदेश के मंदसौर।
वाजिद खान बने अविष्कारक, चमके चारों ओर।।
14 वर्ष की उम्र में, ऐसा कमाल दिखाया।
पानी में चलने वाला, सबसे छोटा जहाज बनाया।।

नए-नए आविष्कारों से, अपनी किस्मत चमकाई।
स्टील और लोहे से, छोटी आयरन प्रेस बनाई।।

एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में, अपना नाम छपाया।
2003 में आविष्कार, गेयर लॉक बनाया।।

नई-नई खोजों से, लाये जनता में रोमांच।
किया 2012 में, ऑटोमोबाइल आर्ट लॉन्च।।
140 अविष्कारों का, श्रेय आपने पाया।
गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में, दर्ज अपना नाम कराया।।

**रचना-**

आलोक श्रीवास्तव (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सुखसौरा, मलासा,
जनपद- कानपुर-देहात



शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद

## टाइम लाइन एक्सप्रेस


70

दिनाँक- 11.03.2021

दिन- गुरुवार

## जन्म दिवस- विजय सैमुअल हज़ारे

विजय सैमुअल हजारे भारतीय क्रिकेट अनमोल रत्न,
11 मार्च 1915 को महाराष्ट्र, सांगली में लिया जन्म।
कप्तानी से भारत को टेस्ट क्रिकेट में दिलाई सफलता प्रथम,
1960 में दिया भारत सरकार ने पद्मश्री रत्न।।



बल्लेबाजी की शैली दाहिने हाथ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज,
मीडियम पेसर के रूप में रहे सफल गेंदबाज।
60 रन देकर 20 विकेट ले बन गए सरताज,
टैस्ट मैच में 7 शतक बना रच डाला इतिहास।।

14 मैचों में रहे उत्तम सफल कप्तान,
पाया लाइफ़ टाइम अचीवमेंट सम्मान।
विजय हजारे ट्राफी को दिया रणजी वनडे ट्राफी नाम,
1960 में मिला भारतीय क्रिकेट कमेटी चेयरमैन पदनाम।।

घरेलू मैचों में टीम थी महाराष्ट्र, केंद्रीय भारत,बड़ौदा,
अद्भुत प्रतिभावान लगाते खूब छक्का-चौका।
विरोधी टीम को बहुत कम देते जीतने का मौका,
हजारे जिंदगी से हारे 18 दिसम्बर 2004 स्थान बड़ौदा।।


रचना-
रीना ( स०अ०)
प्रा०वि०- सालेहनगर,
वि० क्षेत्र- जानी, जनपद-मेरठ




शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइम लाइन एक्सप्रेस

71

दिनाँक- 12/03/2021 | दिन- शुक्रवार

# डाँडी मार्च



भारत स्वाधीन कराने को,
अंग्रेजी सत्ता से टकराने को।
गाँधी जी ने डाँडी मार्च निकाला,
पैदल चलकर तोड़ा कानून काला।।

साबरमती से पग-पग चलकर,
पहुँचे फिर सागर तट पर।
जन-जन था संग में उनके,
थे अरमान दिलों में सबके।।

स्वीकार नहीं थी पराधीनता,
सब झेल रहे थे एक विवशता।
नेतृत्व किया फिर बतलाया था,
सत्याग्रह का पथ अपनाया था।।

हलचल नई हुई थी स्वदेश में,
अंग्रेज भयातुर थे हुए देश में।
बारह मार्च का दिवस अमर है,
इतिहास लिखा स्वातंत्र्य समर है।।



रचना

सतीश चन्द्र (प्र०अ०)
प्रा० वि० अकबापुर
पहला, जनपद- सीतापुर





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

**72**


दिनाँक- 13 मार्च 2021 | दिन- शनिवार

## आत्मा रंजन



13 मार्च 1971 को जन्म लिया,
प्रसिद्ध कवि आत्मा रंजन ने।
शिमला को कर्मभूमि बनाया,
हिन्दी साहित्य जगत के सूर्य ने।।

एम० ए०,एम० फिल० की डिग्री लेकर,
उच्च शिक्षा विभाग में काम किया।
दूरदर्शन में साहित्यिक कविताएँ देकर,
आकाशवाणी शिमला में समय दिया।।




कविता संग्रह है जिनका महान,
प्रतिष्ठित पत्रिकाओं के सम्पादक।
पगडंडियाँ गवाह से मिली पहचान,
कहानियों, समीक्षाओं के लेखक।।

सन् 2010 में सम्मानित हुए,
पाकर युवा शिखर सम्मान।
भाषाओं के अनुवादक हुए,
सुपरिचित कवि आत्मा रंजन।।



रचना - अनुप्रिया यादव (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस


**73**

दिनाँक- 14.03.2021

दिन- शनिवार

## जन्म दिवस- अल्बर्ट आइंस्टीन

इस वसुधा पर समय-समय पर,
मिले नगीने बहुत प्रवीण।
विश्वप्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी,
एक थे अल्बर्ट आइंस्टीन।।



बुद्धिमता के थे पर्याय,
14 मार्च को जग में आये।
1879 जर्मनी की जमीन,
जन्म लिए थे आइंस्टीन।।

ज्यूरिख में थी शिक्षा ली,
लिखे हजारों शोधपत्र भी।
18 अप्रैल सन 55 में,
USA में मृत्यु हुई।।

भौतिक का नोबल था पाया,
टाईम सदी का व्यक्ति कहाया।
द्रव्यमान और ऊर्जा का,
विश्व को था सूत्र बताया।।

ब्राउनी गति के तुम थे वक्ता,
प्रकाशवैधुत प्रभाव प्रवक्ता।
इस धरती को धन्य किया है,
और विश्व ने नमन किया है।।

रचना-
दिनेश पांडेय (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बिराहिमपुर
वि० क्षेत्र- मलिहाबाद, लखनऊ



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 15/03/2021 | 74 | दिन- सोमवार





# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

चौबीस दिसम्बर को अधिनियम पारित,
जैसा सामान, वैसी कीमत निर्धारित।
पूरा-पूरा मिले उपभोक्ता को सम्मान,
उचित मूल्य और मिले पूरा सामान।।




विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस ,
पन्द्रह मार्च को पड़ता यह दिवस।
अधिकारों के प्रति करे सावधान,
खरीददारी को करता है आसान।।

2003 में पहली बार मना था,
फिर नया अधिनियम बना था।
मिलावटी, नकली को उम्रकैद,
न हो उपभोक्ता से कोई भेद।।

उपभोक्ता के मुख्य हैं आवरण,
सूचना, चुनना, सुनवाई, निवारण।
धोखाधड़ी और भेदभाव से बचो
अपने-अपने अधिकारों को समझो।।



रचना
भुवन प्रकाश (इं०प्र०अ०)
प्रा० वि० पिपरी नवीन
मिश्रिख, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

**75**

दिनाँक- 16.03.2021

दिन- मंगलवार

## पूर्व थल सेनाध्यक्ष बिपिन रावत
## जन्म दिवस

16 मार्च 1958 के दिन,
उत्तराखण्ड में जन्म लिया।
पौढी-गढवाल जिले निवासी,
का बिपिन रावत नाम हुआ।।

इन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी,
से स्नातक की उपाधि ली।
आइ एम ए देहरादून से इन्हें,
'सोर्ड ऑफ ऑनर' की उपाधि मिली।।



कई पीढियाँ सेना में होने के कारण,
सेना के प्रति झुकाव बढ़ा।
देशभक्ति की भावनाएँ थीं मन में,
देश के प्रति लगाव बड़ा।।



कई विशिष्ट और अति विशिष्ट पदकों से,
इन्हें सम्मानित किया जा चुका है।
भारतीय सेना के प्रमुख होने के बाद,
इन्हें अब सेना प्रमुख का पद दिया गया है।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

रचना-
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

76

दिनाँक- 17-3-2021

दिन- बुधवार

## साइना नेहवाल



17 मार्च 1990 में हरियाणा में,
जाट परिवार में जन्म लिया।
बैडमिण्टन के खिलाड़ी,
पी. कश्यप से विवाह किया।।

माता-पिता थे अच्छे खिलाड़ी,
वही गुण शाइना पायी,
राष्ट्रमण्डल खेलों में साइना,
दो स्वर्ण पदक जीत कर लायी।।

कई खिताब जीत कर साइना,
भारत का शान बढ़ाई है।
एक बार में तीसरी बार,
प्रथम वरीयता पायी है।।

19 वीं राष्ट्रीय चैम्पियन बन,
भारत का मान बढ़ाया है।
पहली महिला बैडमिण्टन खिलाड़ी,
बन इतिहास रचाया है।।



रचना- शहनाज़ बानो (स० अ०)
उच्च प्राथमिक विद्यालय-भौरी
मानिकपुर, चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस


दिनाँक- 18.03.2021 **77** दिन- गुरुवार

## आयुध निर्माण दिवस

भारत का प्रथम आयुध कारखाना,
18 मार्च 1802 को हुई स्थापना।
स्थान है इसका कोसीपुर कोलकाता,
भव्य है इसकी औद्योगिक संरचना।।

प्रतिवर्ष होता स्थापना दिवस आयोजन,
पूरे देश में होता रक्षा उपकरणों का प्रदर्शन।
करते उल्लास से आयुध दौड़ आयोजन,
अद्भुत है इसके उत्पादन, विपणन, परीक्षण।।

है समूह 41 आयुध कारखानों का,
MOD के OBB अंतर्गत काम करता।
कम्पनी ध्वज का है रँग अनोखा,
लाल, नेवी नीला, डॉजर नीला तिरंगा।।




शसस्त्र बलों के पीछे का बल है उपनाम,
तीनों सेनाओं के रक्षा उत्पादों का आपूर्तक संस्थान
विश्व में 37 वाँ, एशिया में दूसरा स्थान,
भारत में सबसे बड़ा OFB संस्थान।।

रचना- रीना (स०अ०)
प्रा० वि० सालेहनगर,
वि० क्षेत्र-जानी, जनपद- मेरठ



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान




## टाइम लाइन एक्सप्रेस

**78**

दिनाँक- 19.03.2021

दिन- शुक्रवार

## जन्म दिवस- योगेश गौड़ गीतकार



जीवन इनका बहुत सरल,
योगेश गीतकार का नाम दिया।
लखनऊ से बी ए पास कर,
कलम की लेखनी को सुर दिया।।

19 मार्च 1942 में जन्म ले कर,
मध्यम परिवार में जीवन जिया।
संस्कृत से शिक्षा ग्रहण कर,
पटकथा लेखन शुरु किया।।



अनेकानेक गीत लिखे,
रजनीगंधा फूल खिले।
फिल्मों में नाम कमाये,
संगीत कारों से दिल मिले।।

फिल्म रजनीगंधा को
खुशबू से सराबोर किया।
राहुल देव वर्मन संगीत को,
गीतों से गुलजार किया।।

गीत, पटकथा लेखन से योगेश को,
2015 में यश भारती पुरस्कार दिया।
गगन में 29 मई 2020 को,
घटाओं ने सूरज छिपा दिया।।

रचना-
ऊषा रानी (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय खाता
वि० क्षेत्र- मवाना, जनपद- मेरठ

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

79

दिनाँक- 20.03.2021 दिन- शनिवार

## दिवस विशेष- विश्व गौरैया दिवस

नन्हीं गौरैया आँगन में,
जब दाना चुगने आती है।
मीठी सी वह याद दिलाकर,
बचपन में ले जाती है।।




विलुप्त न हो यह इस धरती से,
यूँ ही चहकता रहे गगन।
नेचर फॉरएवर सोसाइटी के अध्यक्ष,
मोहम्मद दिलावर ने यह दिया वचन।।

20 मार्च सन 2010 को,
विश्व गौरैया दिवस की हुई शुरुआत।
जिससे नन्हीं गौरैया संग,
कभी न छूटे अपना साथ।।

मिले संरक्षण इसे हमेशा,
यह संकल्प हमारा हो।
दाना-पानी और सुरक्षा,
देना कर्तव्य हमारा हो।।

रचना-
रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० मा० वि० लोहारी
क्षे०- सरवनखेड़ा
जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।







## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 21.03.2021 **80** दिन- रविवार

# विश्व वानिकी दिवस




21 मार्च 2012 में प्रथम आयोजन,
संयुक्त राज्य राष्ट्र वन फोरम।
खाद्य एवं कृषि संगठन,
वन दिवस का करते आयोजन।।

वन महत्व का होता जागरण,
वनों से ही होता पृथ्वी पर सन्तुलन।
वनों से मिलती दवाई, ऑक्सीजन,
जल, फल ,छाया, लकड़ी देते वन।।

जीव-जंतुओं का करते संरक्षण,
जड़ों से रोकते हैं मृदा अपरदन।
मिलकर करें वृक्षारोपण, वन संरक्षण,
वन बचेंगें तो बचेगा सभी का जीवन।।

वन बहाली वसूली और कल्याण मार्ग,
है ये थीम वन दिवस की इस बार।
दिवस पर होती प्रतियोगिता अपार,
वन बचायें मिलकर सारा संसार।।



रचना-
रीना (स० अ०)
प्रा० वि०- सालेहनगर
वि० क्षेत्र- जानी, जनपद- मेरठ





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

**81**

दिनाँक- 22मार्च 2021

दिन- सोमवार

## विश्व जल दिवस

जल की कीमत हमें बताने,
पृथ्वी पर जीवन को बचाने।
संयुक्त राष्ट्र संघ ने किया उद्घोष,
22 मार्च विश्व जल दिवस विशेष।।

जल का मूल्य हम सब समझें,
उद्देश्य यही गठन का था ।
1993 को प्रथम आयोजन,
ध्यान केंद्रित जल पर था ।।

अलग - अलग थीम पर होता,
आयोजन इसका प्रतिवर्ष ।
जल और जलवायु परिवर्तन,
निश्चित हुआ विषय इस वर्ष ।।

बूँद-बूँद जल का संरक्षण ,
दृढ़ संकल्प हमारा हो।
जन जन जाने इसकी महत्ता,
यह कर्तव्य हमारा हो ।।









सीमा मिश्रा (स० अ०)
उ०प्रा०वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

82

दिनाँक- 23/03/2021

दिन- मंगलवार

## शहीद दिवस




साण्डर्स था पुलिस अधीक्षक,
जिसकी हत्या का था आरोप।
असेम्बली में फेंका था बम,
और विद्रोह का भी आरोप।।

पहने बासन्ती चोला ये,
तीनों बलिदानी थे महान्।
वन्दे मातरम, इंकलाब कह,
हँसते-हँसते हो गये कुर्बान।।

तेईस मार्च 1931सन् का,
गौरवशाली इतिहास सुनो।
तीन लाल झूले फाँसी थे,
जिनके सफल प्रयास सुनो।।

शहीदे आजम वीर भगतसिंह,
साथी थे सुखदेव समान।
राजगुरु जन्मे थे धरा पर,
भारती माँ का रखने मान।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 24/03/2021 **83** दिन- बुधवार

# विश्व तपेदिक दिवस




24 मार्च 1882 में खोज हुई,
जीवाणु था जो टी० बी० का।
क्षय रोग, तपेदिक और यक्ष्मा,
नाम है इस बीमारी का।।

डॉक्टर रॉबर्ट कॉक ने,
1882 में था यह काम किया।
स्वास्थ्य क्षेत्र को समृद्ध कर,
था जग में सुन्दर नाम किया।।

यह रोग फेफड़ों पर कर प्रहार,
खाँसी-बुखार शुरुआत करे।
माइक्रोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस,
फिर साँसों पर भी घात करे।।

यह समय है अब कार्रवाई का,
जवाबदेही हम भारत की है।
आह्वान करें टी० बी० मुक्त भारत का,
जिम्मेदारी अब हर नागरिक की है।।



रचना
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रुद्रपुर
खजनी, जनपद- गोरखपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-25/03/21 84 दिन- गुरुवार

## गणेश शंकर विद्यार्थी



थे वो अति उत्साही और कर्मवीर,
थे राजनीति, लेखन के परमवीर।
लिया जन्म गरीब कायस्थ परिवार में,
कर दिया समर्पण सब पत्रकारिता में।।

किया कर्मयोगी का सहयोगी सम्पादन,
सरस्वती, हितवार्ता और स्वराज्य सम्पादन।
स्वयं निकाला हिन्दी साप्ताहिक 'प्रताप',
लिखा जिसमें अत्याचारों का विलाप।।

गए जेल अपने लेखन प्रताप को,
सह ना पाया कोई प्रताप को।
कूद पड़े सत्याग्रह आन्दोलन में,
बन गए स्वयं डिक्टेटर प्रदेश में।।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति,
थे क्रोधी और तीव्र स्वभाव के हठी।
होकर मशहूर वो साहित्य, राजनीति में,
हुआ अन्त कानपुर साम्प्रदायिक दंगों में।।



रचना
रजत कमल वार्ष्णेय (स०अ०)
प्रा० वि० ख़ंजनपुर
इस्लामनगर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 26.03.2021

**85**

दिन- शुक्रवार

## जन्म दिवस- महादेवी वर्मा




हिन्दी कवयित्री महादेवी वर्मा जी का,
जन्म 26 मार्च फर्रूखाबाद में हुआ।
उन्हें छायावादी कवियों के महत्वपूर्ण,
स्तम्भों मे से एक के रूप में जाना गया।।

सहज मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति,
जैसे विरह, प्रेम, वात्सल्य के द्वार भी खोले।
निराला जी की आजीवन रही मुँहबोली बहन,
प्रभावित करता था उन्हें बुद्ध का जीवन।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

हिन्दुस्तानी स्त्री की उदारता, करुणा,
गम्भीरता और सरलता उनमें थी समाहित।
साहित्य साम्राज्ञी, आधुनिक मीरा जैसे नाम,
और ज्ञानपीठ सम्मान से हुई सम्मानित।।

इन्होंने लेखन, अध्यापन और सम्पादन किया,
अपने घर को साहित्य संग्रहालय नाम दिया।
स्त्रियों की मुक्ति, विकास के लिए प्रयासरत रहीं,
उन्होंने सन्यासिनी जैसा जीवन यापन किया।।




रचना-
ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)
क्षेत्र व जनपद- बागपत

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

**86**

दिनाँक- 27 मार्च 2021

दिन- शनिवार

## विश्व रंगमंच दिवस

गायन अभिनय नृत्य प्रदर्शन,
मिलकर एक कहानी कहते।
कलाकार करे मंच पर अभिनय,
रंगमंच या थियेटर कहते ।।




सर्वप्रथम 27मार्च 1961 को,
विश्व नाट्य रंगमंच हुआ शुरू।
महत्वपूर्ण आयोजन इस दिन का,
रंगमंच संदेश देना हुआ शुरू।।




पहला सन्देश 1962 में,
फ्रांस के जीन कात्के ने दिया।
भारतीय गिरीश कर्नाड को,
2002 में यह मौका मिला ।।

विश्व मेंआई टी आई के 85 केन्द्र,
रंगमंच का महत्व बताते है ।
कलाकार एक उत्सव की तरह,
विश्व रंगमंच दिवस मनाते है।।


---



सीमा मिश्रा (स० अ०)
उ०प्रा०वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान
टाइम लाइन एक्सप्रेस
दिनाँक- 28/03/2021
87
दिन- रविवार

# गुरु अंगद देव जी निर्वाण दिवस




28 मार्च को हुए पंचतत्व विलीन,
महान् सिख-गुरू अंगद देव।
नाम था लाहिणा या लहना जी,
सृजनात्मक व्यक्तित्व के थे अंगद देव।।

जन्मे 31मार्च 1504 ई० जो,
हरीके गाँव, फिरोजपुर, पंजाब।
सिखों के बनकर दूसरे गुरु,
गुरुमुखी की स्वतन्त्र लिपि दी लाजवाब।।

गुरु जिनके गुरुनानक देव जी,
पिता फेरूजी और माता रामोजी।
दो सुपुत्र और दो सुपुत्रियाँ,
भार्या इनकी थीं खीवी जी।।

सात परीक्षाओं को देकर,
सफल बने जो उत्तराधिकारी।
बना "अखाड़ा"जहाँ शुरू किया,
कसरत और कुश्ती रखी जारी।।



रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू० मा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

# 88

दिनाँक- 29.03.2021


दिन- सोमवार

## स्थापना दिवस- आर्य समाज



पाश्चात्य प्रभाव के प्रतिक्रिया द्वारा,
29 मार्च 1875 में शुभ मुहूर्त बना।
स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा,
आर्य समाज की हुई स्थापना।।

वैदिक परम्परा विश्वासी थे,
मूर्ति पूजा, कर्मकाण्ड विरोधी थे।
स्त्री शिक्षा पर जोर दिया,
जातिगत भेदभाव विरोधी थे।।




वेदों के अनुयायी थे,
शूद्रों से स्नेह विशेष किया।
सत्यार्थ प्रकाश की रचना कर,
समाज को था आदर्श दिया।।

सम्पूर्ण विश्व को जागृत कर,
शैक्षिक, धार्मिक सुधार किया।
अध्यात्म जगत को व्याख्यानित कर,
देश समाज का उद्धार किया।।

रचना-
सुषमा त्रिपाठी (स० अ०)
उ० प्रा० वि०- रुद्रपुर
वि० क्षेत्र- खजनी, जनपद- गोरखपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

**89**

दिनाँक-30/03/21

दिन- मंगलवार

## राजस्थान दिवस




चार मुख्य रियासतों के विलय से,
हुई स्थापना राजस्थान प्रान्त की।
बात है यह तीस मार्च सन्,
उन्नीस सौ उनचास की।।

इसी दिन को राजस्थान दिवस,
के रूप में हर वर्ष मनायें हम।
अनूठी संस्कृति को करके नमन,
होवे जहाँ लोककलाओं का संगम।।

राजाओं के घर को कहें राजस्थान,
ना भूलें कभी राणा का बलिदान।
करें मीरा, साँगा के त्याग का गुणगान,
शौर्य गाथाओं से सजा राजस्थान।।

तोड़ा कई शूरमाओं का अभिमान,
वीराँगनाओं का रखा इसने मान।
है जहाँ में जिसकी अलग पहचान,
ऐसा रंगीला आपणो राजस्थान।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।


रचना
डॉ० रैना पाल (स०अ०)
उ० प्रा० वि० (1-8) आमगांव,
जगत, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 31.03.2021

90

दिन- बुधवार

# जन्म दिवस कमला दास



अंग्रेजी मलयालम की लेखिका कमला दास,
काव्य, लघु कथा लिखती थी उपन्यास।
कमला सुरय्या भी था एक इनका नाम,
31 मार्च 1934 केरल में जन्मी कमला दास।।

कविता लिखना इनको भाता था,
माँ का असर इन पर दिखता था।
साहित्य की ओर उनका रुझान था,
15 वर्ष में विवाह का मतलब समझ न आता था।।

बेबाकी से अपनी आत्मकथा लिखी,
मानसिक परिपक्वता रचना में दिखी।
आत्मकथा से पुरुष समाज था स्तब्ध,
ईमानदार लेखन की झलक दिखी।।

टकराव भरे दौर में लिखना ना छोड़ा,
साहित्य अकादमी पुरस्कार से नाता जोड़ा।
नोबेल पुरस्कार, साहित्य अकादमी पुरस्कार पाया,
31 मई 2009 को पुणे में जग बिसराया।।

रचना-
नम्रता श्रीवास्तव (प्र०अ०)
प्रा०वि०- बड़ेहा स्योंढा
क्षेत्र- महुआ, जिला- बांदा



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

## टाइमलाइन एक्सप्रेस- मार्च 2021

### रचनाओं की सूची

60- 01 मार्च 2021, सोमवार, शून्य भेदभाव दिवस, अंशिका शर्मा, एटा
61- 02 मार्च 2021, मंगलवार, जयन्त तालुकदार, नम्रता श्रीवास्तव, बाँदा
62- 03 मार्च 2021, बुधवार, विश्व वन्यजीव दिवस, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, कानपुर नगर
63- 04 मार्च 2021, गुरुवार, राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस, सुमन पांडेय, फतेहपुर
64- 05 मार्च 2021, शुक्रवार, सोम ठाकुर, आलोक श्रीवास्तव, कानपुर देहात
65- 06 मार्च 2021, शनिवार, मिग 23, अंशिका शर्मा, एटा
66- 07 मार्च 2021, रविवार, सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय, नम्रता श्रीवास्तव, बाँदा
67- 08 मार्च 2021, सोमवार, अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस, ज्योति सागर, बागपत
68- 09 मार्च 2021, मंगलवार, डॉ० हरिकृष्ण देवसरे, सुमन पांडेय, फतेहपुर
69- 10 मार्च 2021, बुधवार, वाजिद खान, आलोक श्रीवास्तव, कानपुर देहात
70- 11 मार्च 2021, गुरुवार, विजय सैमुअल हजारे, रीना, मेरठ
71- 12 मार्च 2021, शुक्रवार, दाण्डी मार्च, सतीश चन्द्र, फतेहपुर
72-13 मार्च 2021, शनिवार, आत्मा रंजन, अनुप्रिया यादव, फतेहपुर
73-14 मार्च 2021, रविवार, अल्बर्ट आइंस्टीन, दिनेश पांडेय, लखनऊ
74- 15 मार्च 2021, सोमवार, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस, भुवन प्रकाश, सीतापुर
75- 16 मार्च 2021, मंगलवार, विपिन रावत, ज्योति सागर, बागपत
76- 17 मार्च 2021, बुधवार, साइना नेहवाल, शहनाज़ बानो, चित्रकूट
77- 18 मार्च 2021, गुरुवार, आयुध निर्माण दिवस, रीना, मेरठ
78- 19 मार्च 2021, शुक्रवार, योगेश गौड़ गीतकार, ऊषा रानी, मेरठ
79- 20 मार्च 2021, शनिवार, विश्व गौरैया दिवस, रूपी त्रिपाठी, कानपुर देहात
80- 21 मार्च 2021, रविवार, विश्व वानिकी दिवस, रीना, मेरठ
81- 22 मार्च 2021, सोमवार, विश्व जल दिवस, सीमा मिश्रा, फतेहपुर
82- 23 मार्च 2021, मंगलवार, शहीद दिवस, शिखा वर्मा, सीतापुर
83- 24 मार्च 2021, बुधवार, विश्व तपेदिक दिवस, सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
84- 25 मार्च 2021, गुरुवार, गणेश शंकर विद्यार्थी, रजत कमल वार्ष्णेय, बदायूँ
85- 26 मार्च 2021, शुक्रवार, महादेवी वर्मा, ज्योति सागर, बागपत
86- 27 मार्च 2021, शनिवार, विश्व रंगमंच दिवस, सीमा मिश्रा, फतेहपुर
87- 28 मार्च 2021, रविवार, गुरु अंगद देव जी निर्वाण दिवस, शिखा वर्मा, सीतापुर
88- 29 मार्च 2021, सोमवार, आर्य समाज स्थापना दिवस, सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर
89- 30 मार्च 2021, मंगलवार, राजस्थान दिवस, डॉ० रैना पाल, बदायूँ
90- 31 मार्च 2021, बुधवार, कमला दास, नम्रता श्रीवास्तव, बाँदा

******तकनीकी सहयोग******

जितेन्द्र कुमार- बागपत, सुधांशु श्रीवास्तव- फतेहपुर, आयुषी अग्रवाल- मुरादाबाद

मार्गदर्शन :- राजकुमार शर्मा- चित्रकूट

संकलन:- मिशन शिक्षण संवाद